हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। उन्होंने इसे हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान विरासत बताया। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह दिव्य और भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत बनेगा।

**************************************************************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मादक पदार्थ तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य आठ राज्यों और उत्तरी भारत के केन्द्रशासित प्रदेशों पर विशेष ध्यान देते हुए मादक पदार्थ तस्करी को लेकर बढ़ती चिंता का निवारण करना है। इस कार्यक्रम के दौरान गृहमंत्री ने मादक पदार्थ निपटान पखवाड़ा और सभी राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों के लिए मानस-2 हेल्पलाइन के विस्तार का उद्घाटन किया।मादक पदार्थ निपटान का अभियान आज से 25 जनवरी तक चलेगा। इस अवधि के दौरान दो हजार 411 करोड़ रूपये के कुल 44 हजार 792 किलोग्राम जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया जाएगा।

**************************************************************

हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए स्कूलों का कायाकल्प करेगी । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नए सिरे से कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रदेशभर में कोई भी स्कूल ऐसा नहीं बचेगा, जहां शिक्षकों की कमी हो। उन्होंने कहा है कि सभी स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र और शिक्षकों के अनुपात को सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के आदेश दिए गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल मौलिक शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर बिंदुवार समीक्षा की गई है। बैठक में शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा भी मौजूद थे ।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में शिक्षकों की कोई कमी नहीं है, केवल छात्रों की संख्या के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी।

****************************************************************

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने सीवन निवासी मुकेश कुमार के मकान में आई दरारों के मामले में तत्कालीन ग्राम सचिव और जूनियर इंजीनियर को चार्जशीट करने के आदेश जारी किए हैं । मंत्री ने कल कष्ट निवारण समिति की बैठक में पंचायती विभाग की लापरवाही से हुए नुकसान के मद्देनजर यह आदेश जारी किए।

श्री विज ने साथ ही उपायुक्त को सरपंच के खिलाफ भी कारवाई करने और शिकायतकर्ता के मकान की रिर्पोर्ट बनाने के लिए समिति बनाने को कहा है। इसके लिए कुरूक्षेत्र इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम मकान का मुआयना करेगी।

इसके इलावा उन्होंने किठाना गांव में स्कूल बस चालक की लापरवाही के कारण आठ वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में जांच अधिकारी सहायक उपनीरीक्षक सुखदेव को निलंबित कर दिया है।मीडिया से बातचीत में श्री विज ने

कहा कि सहायक उपनीरीक्षक ने मामले में ढिलाई बरती और समय पर कार्रवाई नहीं की। वहीं इस मामले में मंत्री ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने भी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता पर समझौते के लिए दवाब बनाने के लिए स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्ती से जांच करने के आदेश दिए गए हैं।

बस अड्डों और परिवहन सुविधाओं को लेकर उन्होंने कहा -

इसके इलावा श्री विज ने कहा कि प्रदेश में प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों तरह की सुविधा वाले बिजली के डिजिटल मीटर लगाए जाएंगे, इससे लोगों को सुविधा होगी।

*************************************************************

सैनिक स्कूल कुंजपुरा, ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा छठी व नौंवी में दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्र अभ्यर्थी परसों 13 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

*************************************************************